हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 12 मई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री




## खबर संक्षेप

### एनएच पर पलटा सिलेंडर लोड ट्रक, अवागमन बाधित

**अम्बिकापुर।** तकनीकी खराबी आने के कारण शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर एलपीजी सिलेण्डर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ट्रक में लोड एलपीजी सिलेण्डर सड़क पर बिखर गए जिससे काफी देर तक मार्ग से आवागमन अवरूद्ध रही। कड़ी मशक्कत के बार अवागमन सुचारू किया जा सका। ट्रक क्रमांक सीजी 10 एआर एलपीजी सिलेण्डर लोड कर बिलसापुर की ओर से आ रहा था। ट्रक जैसे ही रजपुरीकला सिंगीटाना केपास पहुंचा हैंडिल लॉक हो गया तथा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में लोड एलपीजी सिलेण्डर सड़क पर बिखर गए जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद बिखरे सिलेण्डरों को हटाया गया तो आवागमन सुचारू हुआ।

### स्कार्पियों की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** झेराडीह के समीप स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बेशरापानी निवासी राज कुमार राम आ. बिरन पहाड़ी कोरवा (18 वर्ष) ग्राम बरगीडीह निवासी अमीर के यहां रहकर काम करता था। गत दिन गांव के ही डागून के साथ बाइक से ग्राम झेराडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल राज कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### छोटे भाई की हत्या : आरोपी भाई, भाभी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले की चेंद्रा चौकी पुलिस ने हिस्सा बंटवारा को लेकर ग्रामीण की हत्या करने के मामले में भाई-भाभी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चन्द्रमेढ़ा निवासी कालेश्वर टोप्पो ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल को बड़े पिता धर्मदेव टोप्पो व उसकी पत्नी सुषमा ने जमीन के हिस्सा बंटवारा को लेकर हुए विवाद में महेंद्र टोप्पो के सिर पर ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। 19 अप्रैल को घायल 50 वर्षीय महेंद्र टोप्पो को हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर 7 मई को परिजन ग्रामीण को लेकर वापस घर लौट गए। इसी बीच 8 मई को घायल महेंद्र टोप्पो की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चंद्रमेढ़ा निवासी 60 वर्षीय धर्मदेव टोप्पो आ. काशीराम टोप्पो व 43 वर्षीया सुषमा स्वराज टोप्पो पति धर्मदेव टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### सीसी रोड बनने से स्कूली बच्चों और रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**देवरी सारागांव।** देवरी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन एवं हायर सेकेंडरी स्कूल तक बनने वाली सीसी रोड से अब स्कूली बच्चों और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे विभाग द्वारा लगभग आधा किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर होने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि देवरी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन और शाउमाविद्यालय तक की सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने और कीचड़ फैल जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती थी। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को कीचड़युक्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था।

### दम घुटने जैसी हालत में मिले गौवंश

# झारखंड ले जाते मवेशियों से भरा ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लोदाम थाना पुलिस ने सोमवार तड़के कार्रवाई करते हुए तस्करों के चंगुल से 27 गौवंशों को मुक्त कराया। पुलिस की घेराबंदी और पीछा करते देख तस्कर ट्रक छोड़कर अंधेरे और जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

- पुलिस ने सुरक्षित निकालकर कराया स्वास्थ्य परीक्षण

पुलिस ने मवेशियों से भरे ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला लोदाम थाना क्षेत्र के ग्राम भलमंडा का है। सोमवार सुबह करीब 4 बजे लोदाम पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रूपसेरा के पास नेशनल हाईवे पर नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक जेएच-01 एआर-7060 पर पुलिस की नजर पड़ी। ट्रक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने वाहन रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी और भागने का प्रयास करने लगा।इसके बाद पुलिस ने तत्काल ट्रक का पीछा शुरू किया। हाईवे पर कई किलोमीटर तक पीछा चलता रहा।





#### तस्करों में हड़कंप

पुलिस की घेराबंदी और तत्परता देख तस्करों ने भलमंडा चौक के पास आखिरकार ट्रक छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

#### आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा: सिंह

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि जिले में गौ तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोदाम क्षेत्र में ट्रक से 27 गौवंशों को सुरक्षित छुड़ाया गया है और फरार आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत गौ तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

#### ट्राली के भीतर का दृश्य बेहद दर्दनाक

जब पुलिसकर्मियों ने ट्रक की ट्रॉली खोली तो भीतर का दृश्य बेहद दर्दनाक था। ट्रॉली में 27 गौवंशों को बेरहमी से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। कई - दम घुटने और कमजोरी की हालत में मिले। पुलिस टीम ने तत्काल सभी गौवंशों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर सभी मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

#### झारखंड ले जाया जा रहा था

प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि गौवंशों को अवैध रूप से झारखंड ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। तस्करी में इस्तेमाल ट्रक को भी जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

#### फरार तस्करों की तलाश

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक फरार तस्करों की पहचान के लिए ट्रक नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सूचना भेजी गई है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।



## मधेश्वर पहाड़ शिवलिंग की विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी विकास खंड के मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की भी जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। मयाली डेम से खण्डसा से वर्चुअल के माध्यम से सभी आनलाइन के माध्यम से सीधे जुड़े थे।



- मयाली डेम खण्डसा से वर्चुअल के माध्यम से सीधे जुड़े थे ग्रामवासी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। श्री साय ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। इस मौके पर मयाली डेम से एसडीएम कुनकुरी नन्द पांडे, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद सिंह,भरत सिंह, जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उप निर्वाचन: जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर द्वारा नगर पालिका त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 का कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

- विश्राम भवनों के उपयोग पर प्रतिबंध

निर्वाचन घोषणा से निर्वाचन समाप्ति तक राजनीतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय व अर्द्धशासकीय विश्राम भवन, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, छत्तीसगढ़ भवन आदि में चुनाव प्रचार या राजनीतिक उद्देश्य से न ठहर सकते हैं और न ही राजनीतिक गतिविधि कर सकते हैं। पात्रतानुसार व उपलब्धता पर कक्ष दिया जा सकता है, लेकिन निर्धारित राशि जमा कर रसीद दी जाएगी। टेलीफोन के लिए अलग रजिस्टर रखा जाएगा और कॉल की राशि तुरंत ली जाएगी। भोजन की व्यवस्था नहींकी जाएगी। राजनीतिक बैठक या विचार-विमर्श की अनुमति नहीं होगी। एक रजिस्टर में आगंतुक का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन, ली गई राशि आदि का ब्यौरा दर्ज होगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 47 घंटे के लिए ही कक्ष आरक्षित किया जाएगा। कक्ष आरक्षण पर 3 से अधिक वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। जिन भवनों में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ठहरे हैं, वहां किसी अन्य राजनीतिक व्यक्ति को कक्ष नहीं दिया जाएगा।

#### आरक्षण का अधिकार व प्राथमिकता

जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय मुख्यालय में एसडीएम, अन्य स्थानों पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी आरक्षण करेंगे। प्राथमिकता क्रम में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व उनके अधिकारी, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। उनके लिए कक्ष सदैव आरक्षित रहेगा। इसके बाद ही अन्य को कक्ष आवंटित किया जाएगा। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक संपूर्ण जशपुर जिले में लागू रहेगा।

#### ग्राम पंचायतों में भी लागू

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र जशपुर के वार्ड क्रमांक 08, 14 एवं जनपद पंचायत क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन 2026 कराए जाने की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन वाले क्षेत्रों में वार्ड: 8, 14 और ग्राम पंचायत चौलीटांगरटोली, सांईटांगरटोली, बालाछापर, पिल्खी, पोड़ी, गजमा, पटिया, अंधरझर, सिरिमकेला, कस्तुरा, कण्डोरा, गड़ाकटा, डोंगादरहा, पुसरा, कोडलिया, सन्ना, जुजगू, भितघरा, बगडोल, जुरगुम, हर्राडीपा, चम्पा, छातासरई निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

## ट्रांसजेंडर का पहचान प्रमाण पत्र बनाने चलेगा विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जशपुर जिले में उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) वर्ग के व्यक्तियों के चिन्हांकन एवं पहचान प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

- कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर होगा चिन्हांकन

जारी निर्देशानुसार जिले में ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो स्वयं को उभयलिंगी अथवा ट्रांसजेंडर के रूप में मानते हैं। यह चिन्हांकन जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर किया जाएगा, ताकि पात्र व्यक्तियों तक शासन की सुविधाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। चिन्हित ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सप्ताह के किसी भी मंगलवार को शासकीय जिला चिकित्सालय, जशपुर में उपस्थित कराया जाएगा। यहां उनका आवश्यक रक्त परीक्षण एवं मनोवैज्ञानिक जांच की जाएगी। जिला चिकित्सालय स्तर पर परीक्षण में संबंधित व्यक्ति के उभयलिंगी होने की पुष्टि होने पर उनका ऑनलाइन पहचान प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। शासन द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र के माध्यम से ट्रांसजेंडर वर्ग के व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इससे उन्हें सामाजिक पहचान मिलने ⏭ शेष पेज 4 पर

## हर माह के चौथे गुरुवार को पत्थलगांव में लगेगा कलेक्टर लिंक कोर्ट

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अभिनव पहल से अब पत्थलगांव क्षेत्र के लोगों को राजस्व मामलों के निराकरण के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिला प्रशासन ने आमजन को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय और प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पत्थलगांव में प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को "कलेक्टर लिंक कोर्ट"आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जनदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासी सीधे कलेक्टर को अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के तहत पहला जनदर्शन एवं लिंक कोर्ट 28 मई 2026 को आयोजित होगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने आज राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लिंक कोर्ट की आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लिंक कोर्ट की शुरुआत से पत्थलगांव क्षेत्र के नागरिकों को नामांतरण, सीमांकन, अपील, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए अब जशपुर जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई होने से लोगों के समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा वर्षों से लंबित मामलों के निराकरण में तेजी आएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी प्रशासनिक एवं राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

- कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## आज खेला जाएगा अंतर्राज्यीय फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**जशपुरनगर।** रणजीता स्टेडियम में विगत 25 अप्रैल से चल रहे स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह गुरुदेव स्मृति अंतर्राज्यीय फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार 11 में को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के पूल ए की विजेता टीम अंबिकापुर ने सेमीफाइनल में रांची की प्रतिष्ठित टीम बिग ब्रदर को हराकर पूल ए की ओर से फाइनल में पहले ही प्रवेश कर चुकी है। दूसरे पूल के सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल समेत चार मुकाबले रविवार रात को खेले जाएंगे, जिसमें पहला मैच कोलकाता और बैजू रंगीला टीमों के बीच खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम पहले क्वार्टर फाइनल मैच एनके 11 धीरज के साथ खेलेगी। पूल बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच भुवनेश्वर ओडिशा और अतुल ट्रेडर्स के बीच खेला जाएगा। रविवार रात को ही पूल बी का चौथा और सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा, जिसकी तस्वीर अभी साफ नही हुई है। रविवार रात की अपराजेय रहने वाली टीम सोमवार को होने वाले फाइनल मैच में अंबिकापुर की टीम से भिड़ेगी।



## राईपाठ की महिलाओं ने दिखाई आत्मनिर्भरता की नई राह

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के देवीडड़गांव ग्राम पंचायत के छोटे से गांव राईपाठ की महिलाओं ने मेहनत और एकता से आत्मनिर्भर बनने की एक अच्छी मिसाल पेश की है। जय बिहान योजना से जुड़ी गेंदा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और रोजगार बढ़ाने के लिए टेंट व्यवसाय शुरू किया है। उनकी यह पहल गांव और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बनी हुई है। समूह की सक्रिय महिला श्रीमती अंजना बखला के नेतृत्व में महिलाओं ने पिछले तीन वर्षों से लगातार मेहनत की। आर्थिक परेशानियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। महिलाओं ने पहले आलू और मघा की खेती की, माला बेची और कपड़ों का व्यवसाय भी किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी बचत बढ़ाई और उसी से टेंट खरीदा। अब समूह की महिलाएं टेंट को किराए पर देकर अच्छी आमदनी कर रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक सहारा मिला है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।



### जिम्मेदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन का करें प्रभावी क्रियान्वयन

# स्वच्छता से बनती है शहर और ग्रामों की अच्छी छवि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, मत्स्य पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्डों से मृत व्यक्तियों के नाम हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र हितग्राहियों तक ही पहुंचना चाहिए। साथ ही उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के शेष पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शीघ्र गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा इस योजना के लाभार्थियों का ई-केवाईसी कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकानों में समय पर वितरण सुनिश्चित करने और नियमित स्टॉक वेरिफिकेशन करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने शेष आंगनबाड़ी भवनों एवं उनमें शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी कार्य को शीघ्र पूरा करने, रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने तथा शेष आंगनबाड़ी भवनों में विद्युतीकरण कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और भविष्य में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पेंशन हितग्राहियों के आधार सीडिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मत्स्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने शेष शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा वितरण करने, एनएफडीबी अंतर्गत मत्स्य पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## डीएड अभ्यर्थी की हालत गंभीर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में डीएड अभ्यर्थियों की लंबित नियुक्ति को लेकर चल रहा संघर्ष अब एक बेहद भावुक और चिंताजनक मोड़ पर पहुंच गया है। जशपुर जिले की रहने वाली डीएड अभ्यर्थी काजल तिर्की की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लगातार मानसिक तनाव, नियुक्ति में देरी और भविष्य की अनिश्चितता से परेशान होकर उन्होंने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार काजल तिर्की पिछले तीन वर्षों से नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रही थीं। वे जशपुर जिले की निवासी हैं, अभ्यर्थियों का आरोप है कि लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने से हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। डीएड अभ्यर्थियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि काजल तिर्की के बेहतर इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए और लंबित नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार को संवेदनशील और त्वरित निर्णय लेने होंगे। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है। उनका कहना है कि युवाओं के सपनों और भविष्य के साथ लगातार हो रही देरी अब असहनीय होती जा रही है।





## लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** कुछ फिल्में सिर्फ फिल्में नहीं होतीं, वो लोगों की यादों का हिस्सा बन जाती हैं। लगान भी ऐसी ही एक फिल्म है। आज भी जब क्रिकेट मैच में 'बार-बार हां'जैसा गाना सुनाई देता है, तो लोगों को लगान की याद आ जाती है। अब आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर एक बार फिर ऐसी फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई क्रिकेट बेस्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और इसकी शूटिंग सितंबर 2026 से शुरू हो सकती है। इस बार कहानी पूरी तरह अलग होगी। जहां लगान एक काल्पनिक कहानी थी।

लाइफ Style



# दिशा

## द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें उनका किरदार शानदार है। उन्होंने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी बताया है। भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है।

इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉड्र्स होलीगॉड्र्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।' उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है।

### हॉलीवुड मसाला



## यौन उत्पीड़न केस हुआ खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर विल स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। 57 साल के सुपरस्टार से जुड़े यौन उत्पीड़न केस को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला विल स्मिथ की 2025 की टूर टीम से जुड़ा था, जिसमें उन पर सेक्सुअल हैरसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगा था। मेन इन ब्लैक' और द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस के एक्टर पर एक वायलिन बजाने वाले म्यूजिशियन ने ये संगीन आरोप लगाए थे। बीते साल इस केस को लेकर विल स्मिथ की सोशल मीडिया पर खूब खींचतान हुई थी।



## द डेविल वियर्स प्राडा का बनेगा तीसरा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। वहीं, डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है।



## सारा ने श्रेया के साथ शेयर किया फनी वीडियो

**मुंबई।** सारा अली खान ने रविवार इंस्टाग्राम पर गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक फनी वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ सारा ने एक शायरी भी लिखी है। सारा ने लिखा- 'सारा ने गाना गाया, श्रेया मैम के रूह को सताया, फिर उन्हें हमने थोड़ा साइड हटाया और अनमोल कला का मतलब बताया'। सारा के इस मजेदार वीडियो पर श्रेया घोषाल ने कमेंट किया है। श्रेया ने लिखा, 'तुम बहुत प्यारी हो सारा अली खान। तुम्हारे साथ कितना मजा आया।' सारा की इस पोस्ट पर रकुल प्रीत ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं सारा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया। एक फैन ने लिखा, वाह सारा तुमने कमाल कर दिया। दूसरे ने लिखा, 'बहुत ही शानदार, दोनों महिलाएं बेहद खूबसूरत लग रही हैं'।



## सोनम ने दूसरे बेटे की दिखाई झलक...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे के नाम की घोषणा रविवार को कर दी है। सोनम ने 29 अप्रैल को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। जन्म के लगभग 11 दिन बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात के नाम के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने नाम के पीछे छिपे आध्यात्मिक अर्थ के बारे में भी बताया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फैमिली पिक्चर शेयर की हैं। इनमें सोनम और आनंद के साथ उनके दोनों बेटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कपल ने अपने नवजात बेटे की झलक भी दिखाई है। हालांकि, दोनों ही बेटों के चेहरे को तस्वीरों में नहीं दिखाया है। इन तस्वीरों के साथ ही सोनम ने कैप्शन में एक लंबा सा नोट लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि कपल ने अपने दूसरे बेटे का नाम रुद्रलोक रखा है।

### टीवी मसाला



## शिल्पा करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो 'मां है ना' को होस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने रविवार को शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन-Z के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'। इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी।

### मेरी जड़ें भारत में ही हैं : अविका

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या



फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं। अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

## महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे अर्जुन-प्रीति ने की श्री हरमंदिर साहिब में सेवा

*बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल रविवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर की सुबह की भस्म आरती में हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की। इसी तरह से प्रीति जिंटा श्री हरमंदिर साहिब गईं, जहां उन्होंने सेवा की और आईपीएल 2026 के मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की सफलता के लिए प्रार्थना की। एक बातचीत में एक्टर ने कहा, 'यह एक दैवीय बुलावा है, जो मुझे यहां खींच लाया है। मैंने सभी की शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना की।'*





**मुंबई।** सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने 'मदर्स डे' के मौके पर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'धन्य महसूस कर रहा हूं, हैप्पी संडे, हैप्पी मदर्स डे, दुनिया भर की सभी मांओं के लिए प्रार्थना की है।' रामपाल ने अपनी इस यात्रा के कुछ पल सोशल मीडिया पर भी शेयर किए। उन्होंने एक सेल्फी पोस्ट की जिसमें वह पारंपरिक केसरिया और गहरे लाल रंग का कपड़ा पहना है। इस पर वैदिक मंत्र लिखे हुए थे। इस बीच प्रीति जिंटा रविवार को श्री हरमंदिर साहिब गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन अमृतसर में मौजूद इस तीर्थस्थल पर पीले रंग का सूट पहनकर और सिर ढककर पहुंचीं। यहां प्रीति ने मीडिया से कहा 'बस बाबा जी ने बुलाया तो मैं आ गई। पंजाबी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुझे उम्मीद है कि वे सभी मैच जीतेंगे। हमें बहुत प्यार मिल रहा है।'

## पांच साल बाद लौटेगी मनी हाइस्ट की प्रोफेसर एंड कंपनी

**नई दिल्ली।** स्पेनिश वेब सीरीज मनी हाइस्ट सिनेमा जगत की सबसे लोकप्रिय सीरीज फ्रेंचाइज में से एक है। अपने पांच सीजन तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन 5 साल पहले फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। प्रोफेसर एंड कंपनी की आखिरी झलक सिनेप्रेमियों को उसी दौरान देखने को मिली थी। लेकिन, अब लग रहा है कि मेकर्स ने मनी हाइस्ट के छठे सीजन की भी तैयारी कर ली है और रविवार को इसको लेकर एक बड़ा पोस्ट भी शेयर किया है। संडे को नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट शेयर किया है। इस ट्वीट में मनी हाइस्ट का एक टीजर शामिल है, जिसमें पिछले पांच सीजनों का एक मोनटाज वीडियो मौजूद है। ट्वीट के कैप्शन में लिखा है- क्रांति अभी खत्म नहीं हुई है। 'ला कासा दे पापेल की दुनिया जारी है...इस ट्वीट ये साफ लग रहा है कि आने वाले समय में नेटफ्लिक्स पर मनी हाइस्ट का छठा सीजन स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, ट्वीट में सीजन 6 का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन इसका इशारा साफतौर पर फ्रेंचाइज की



अगली किस्त की तरफ ही जाता हुआ नजर आ रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मनी हाइस्ट सीरीज से जुड़ी इस अनाउंसमेंट के बाद सिनेप्रेमियों की एक्साइटमेंड सातवें आसमान पर पहुंच गई है और हर कोई इसके लिए बेताब नजर आ रहा है। आपको बता दें कि मनी हाइस्ट एक स्पेनिश भाषा की क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक प्रोफेसर अपनी टीम बनाता है और चेहरे पर जोकर का मास्क लगाकार बैंक और अन्य जगहों से डकैती को अंजाम दिलवाता है। स्पैनिश के अलावा इस सीरीज को हिंदी सहित अन्य कई भाषाओं में भी काफी पसंद किया गया है।

### राजा शिवाजी' ने दिखाया दम, भूत बंगला की कमाई में भी उछाल

## सिनेमाघरों में वीकएंड पर चमकी कृष्णावतारम और दादी की शादी

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों में लगी लगभग सभी फिल्मों ने वीकएंड पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि नई रिलीज हुई फिल्मों पर पुरानी फिल्में भारी पड़ी हैं। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें नई फिल्में कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम, दादी की शादी शामिल हैं। वीकएंड पर इन फिल्मों की कमाई बढ़ी है। वहीं, सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में जैसे राजा शिवाजी, एक दिन और भूत बंगला की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई है।*

### राजा शिवाजी की कमाई



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' की कमाई में वीकएंड पर उछाल आया है। शनिवार को इसने 5.60 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। शुक्रवार को इसने 3.20 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका टोटल कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें जेनेलिया डिसूजा, सलमान खान, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन हैं।

### कृष्णावतारम पार्ट 1 : हृदयम



भगवान कृष्ण पर आधारित फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम को रिलीज हुए तीन दिन हो चुके हैं। पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास नहीं कर सकी। दूसरे दिन भी इसका कलेक्शन कम रहा। तीसरे दिन इसे वीकएंड का फायदा मिला। पहले दिन इसने 42 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हुई। तीसरे दिन इसने 2.25 करोड़ रुपए कमाए थे।



### दादी की शादी

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अदाकारी वाली फिल्म दादी की शादी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसका कलेक्शन 60 लाख रुपए रहा। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हो गया। इसका कुल कलेक्शन 1.75 करोड़ रुपए हो गया है।

### एक दिन का कलेक्शन

साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' ने शुक्रवार को सिर्फ पांच लाख रुपये का कलेक्शन किया है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म की कमाई कम हो रही है। यह बॉक्स ऑफिस की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। शनिवार को इसने सिर्फ 9 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। नौ दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 4.14 करोड़ रुपए हो गया है।

### भूत बंगला और धुरंधर 2

अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' की कमाई में वीकएंड पर एक बार फिर उछाल आया है। शनिवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इसने 1.75 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका कुल कलेक्शन 154.57 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कलेक्शन 1141.99 करोड़ रुपए हो गया है।

खबर संक्षेप



## जिले में की गई डायल 112 की शुरुआत, मिला ट्रायल वाहन

बलरामपुर। जिले में अपराध पर नियंत्रण पाने व महिलाओं बच्चों की सुरक्षा कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि के लिए त्वरित कार्रवाई हेतु डायल 112 की शुरुआत की गई। एसपी वैभव बैंकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के द्वारा डायल 112 वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर (भापुसे) द्वारा जिला बलरामपुर रामानुजगंज मे डायल-112 योजना से प्राप्त 1 टेस्टिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर डायल 112 सेवा को जिले में प्रारंभ किया। डायल 112 वाहन का संचालन होने से जिले में अपराध नियंत्रण, महिलाओं बच्चों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि में त्वरित कार्यवाही हेतु डायल 112 की शुरूआत की गई है। एसपी श्री बैंकर ने बताया कि जिला बलरामपुर रामानुजगंज में पुलिस व्यवस्था को पुख्ता और तेज बनाने तथा पीड़ित दुर्घटना में घायल के लिए फौरन पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिले में डायल 112 की सेवाएं प्रारंभ की गई। इसके लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर से एक नग डायल 112 वाहन प्रारंभिक ट्रायल के लिए प्राप्त हुआ है। यह वाहन बलरामपुर क्षेत्र में 24 घंटे सातों दिन लगातार सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में संपूर्ण जिले के थानों के लिए डायल 112 के 11 वाहन और प्राप्त होंगे जिससे संपूर्ण जिलों में यह सेवा सुचारु रूप से संचालित होगी।

## कीटनाशक पीने से गंभीर किशोरी की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। किशोरी ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कापू थाना अंतर्गत ग्राम टोनाहीपारा निवासी बुद्धवंती पण्डो आ. रविलाल पण्डो (15 वर्ष) गत दिन घर के छत पर जाकर कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे छत से उतार कर कापू अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई।

### प्रशासनिक उदासीनता से भू- माफिया के हौसले बुलंद

# नगर में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण बना गंभीर संकट



रामानुजगंज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- 50 के स्टांप पेपर पर बेचने का खेल जारी

नगर पंचायत से नगर पालिका बनने के बाद विकास की नई उम्मीद जगी थीं, लेकिन नगर आज एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है। शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण और भूमाफियाओं की सक्रियता ने नगर के भविष्य पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। आलम यह है कि अब नगर में किसी बड़े विकास कार्य के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं बची है।

पिछले लगभग दो दशकों से भू माफियाओं के नेटवर्क द्वारा शासकीय भूमि की अवैध प्लाटिंग कर उसे महज 50 के स्टांप पेपर पर बेचने का खेल लगातार जारी है। आरोप है कि सरकारी जमीनों को निजी संपत्ति बताकर भोले-भाले और गरीब लोगों को बेचा गया। कई परिवारों ने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर इन जमीनों पर मकान तक बना लिए और वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन अब वे कानूनी संकट और असुरक्षा की स्थिति में फंस गए हैं। नगर वासियों का कहना है कि भूमाफिया सरकारी जमीन बेचकर आसानी से निकल जाते हैं, जबकि खरीदारों को भविष्य में बेदखली और कानूनी कार्रवाई का डर सताता रहता है। प्रशासन की ओर से समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अवैध कब्जाधारियों और जमीन कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए है।

### सड़कें और गलियां हुई संकरी

लोगों का कहना है कि अवैध अतिक्रमण का सबसे अधिक असर नगर की सड़कों और गलियों पर दिखाई दे रहा है। कभी पर्याप्त चौड़ाई वाली सड़कें आज इतनी संकरी हो चुकी हैं कि दो चारपहिया वाहन एक साथ नहीं निकल सकते। कई गलियों की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अगर एक कार और एक बाइक का एक साथ गुजरना भी मुश्किल हो गया है। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि समय रहते अतिक्रमण पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में नगर का यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित हो सकता है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहनों के पहुंचने में भी कठिनाई हो सकती है।

### अतिक्रमण के खिलाफ चलाया गया था अभियान

नगर में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया था। प्रशासनिक सख्ती और लगातार कार्रवाई के चलते कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया तथा सड़कों को चौड़ा कराया गया। नगर के लोगों का मानना है कि यदि शहर की कुछ प्रमुख सड़कें अपेक्षाकृत चौड़ी दिखाई देती हैं, तो वह उस समय चलाए गए अभियान का ही परिणाम है। लेकिन प्रशासनिक सख्ती कमजोर पड़ जाने के कारण धीरे-धीरे फिर से अतिक्रमण बढ़ने लगा।

### विकास कार्यों पर पड़ रहा असर

किसी भी नगर के सुनियोजित विकास के लिए शासकीय भूमि का सुरक्षित रहना आवश्यक है। स्कूल, अस्पताल, पार्क, सामुदायिक भवन, सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकारी जमीन की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन रामानुजगंज में लगातार अवैध कब्जों के कारण अब विकास योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि का व्यापक सर्वे कराया जाए, अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### की जाएगी कार्रवाई

यदि किसी के द्वारा शासकीय भूमि को 50 रुपए के स्टांप में खरीदी बिक्री की गई है तो अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसा करने वालों के विरुद्ध प्राथमिक भी दर्ज कराई जाएगी।

**-आनंद नेताम**, एसडीएम रामानुजगंज



## आमगांव ओसीएम से कोयला लेकर जा रहे दो ट्रेलरों में भिड़ंत, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सपकरा बरपारा के समीप आमगांव ओसीएम खदान से कोयला लोड कर करंजी साइडिंग की ओर जा रहे दो ट्रेलर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि आगे चल रहे ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रहे कोयला लोड ट्रेलर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और सीधे सामने वाले ट्रेलर से जा टकराया। दुर्घटना में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 9962 और ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4228 आमगांव ओसीएम खदान से कोयला लेकर एक साथ करंजी साइडिंग की ओर जा रहे थे। जैसे ही चालक सपकरा बरपारा के समीप पहुंचे तभी आगे जा रहे ट्रेलर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इधर पीछे से आ रहे ट्रेलर चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन कम दूरी और तेज रफ्तार के कारण वह नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रहे ट्रेलर से जा टकराया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक गंभीर रूप से घायल होने के साथ ही केबिन में ही फंस गया।

अचानक हुई दुर्घटना से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंच और केबिन में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर वाहन मालिक मौके पहुंच जायजा लिया और बताया कि चालक की हालत सही है दोनों वाहनों की निगरानी के लिए ग्रामीणों को ही लगा दिया है ताकि कोई और क्षति न पहुंचाएं।

# ग्राम डांडखड़ुवा में गोवंश की हत्या की आशंका पर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



जांच करते पुलिस व पशु चिकित्सकों की टीम।

ग्राम डांडखड़ुवा में गोवंश की हत्या की आशंका को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस और पशु चिकित्सकों से जांच करने का मांग की है। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस व पशु चिकित्सकों की टीम ने गांव में पहुंच जांच शुरू की।

ग्राम डांडखड़ुवा निवासी अवधेश यादव आ.उग्रसेन यादव ने बताया कि 6 मई की शाम अपनी लाल रंग की गाय को गांव के चरवाहा रमसु कोरवा आ. लगना कोरवा के साथ बथान गौशाला में बांधा था और घर आ गया। अगले दिन सुबह जब गौशाला गया तो देखा गाय गायब थी। साथ ही चरवाहा रमसु कोरवा भी गांव में दिखाई नहीं दिया। गाय की खोजबीन गांव और आसपास के क्षेत्रों में लगातार की गई, लेकिन गाय व चरवाहा का कहीं पता नहीं चला। इसी बीच 8 मई को गांव के ही एक अन्य कोरवा समाज के व्यक्ति ने सूचना दी कि डाडखड़ूवा और अलखडीहा के बीच बालू डोडा डोढ़ा जंगल में एक गड्ढे में लाल रंग की गाय के अवशेष पड़ा हुआ है। सूचना पर अवधेश यादव मौके पर पहुंचा तो गाय का शरीर क्षत विक्षत हालत में फैला था।

अवशेषों मृत घायल को अपनी गाय के रूप में पहचान की। ग्रामीणों ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की हत्या कर गोमांस खाने की आशंका जताई है। साथ ही चरवाहे के साथ अन्य लोगों के भी शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम लखन राम टीम के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों द्वारा गाय के अवशेषों का परीक्षण एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जांच के दौरान ग्रामीण मुरारी यादव गुलाब यादव उदय यादव सहित अन्य ग्रामीण थे।

## पेट दर्द से पीड़ित गर्भवती महिला की गई जान

अम्बिकापुर। पेट दर्द से पीड़ित गर्भवती महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। चलगली थाना अंतर्गत ग्राम अमरावतीपुर लोगरापारा निवासी सोनमति पति सुनील (35 वर्ष ) चार माह की गर्भवती थी। 9 मई की सुबह पेट में दर्द होने की शिकायत की तो परिजन रिश्तेदार से ही पेट का मालिश कराया लेकिन दर्द कम नहीं होने पर पति बाइक से अमरावतीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात बलरामपुर जिला अस्पताल भेज दिया लेकिन महिला की दर्द काफी बढ़ जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन संजीवनी 108 से महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत गर्भवती महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि ने अपने 25 वर्षों के सफर में पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाकर समाज में विश्वास और विश्वसनीयता की मजबूत पहचान बनाई है। यह समाचार पत्र केवल खबरों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के सरोकार और सकारात्मक बदलाव का प्रतिबिंब है। हरिभूमि के रजत जयंती वर्ष पर सभी पत्रकारों, प्रबंधन एवं प्रतिनिधियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वर्ष का विश्वास आपका साथ 25वीं वर्षगांठ



श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग.






शुभेच्छु : एक शुभचिन्तक

प्रस्तुति
खुर्शीद कुरैशी
हरिभूमि जशपुर
मो. 7000968025



## खबर संक्षेप



### लैलूंगा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

रायगढ़। जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत रायगढ़ जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी से जारी है। जिले के 18 चार्ज क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर.घर पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई तक किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी तथा उप जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के कार्यों की समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में आज लैलूंगा अनुभाग के मुकड़ेगा एवं लैलूंगा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय जनगणना अधिकारी लैलूंगा भरत कौशिक, चार्ज अधिकारी, जनगणना निदेशालय के रायगढ़ नोडल अधिकारी शेष प्रसाद पांडा तथा जिला मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुपरवाइजरों से जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल एप एवं डेटा एंट्री से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के सही एवं अद्यतन आंकड़े तैयार किए जा सकें।

### जेल कॉम्पलेक्स के सामने लिख रहा था सट्टा, गिरफ्तार

रायगढ़। जूटमिल पुलिस ने जेल कॉम्पलेक्स के सामने फल दुकान के पास एक युवक को सट्टा लिखते हुए पकड़ा है। मौके पर एक व्यक्ति विभिन्न अंकों पर दांव लगवाकर सट्टा



पट्टी लिखते पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू निषाद, निवासी कैदीमुड़ा, थाना जूटमिल, रायगढ़ बताया। आरोपी ने पूछताछ में सट्टा पट्टी लिखकर लोगों से हार जीत का दांव लगवाना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नगदी रकम 1 हजार 200 गवाहों के समक्ष जब्त की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ट्रांसजेंडर का पहचान...

के साथ-साथ शासन की सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार कर उसकी प्रति उप संचालक समाज कल्याण कार्यालय, जशपुर को उपलब्ध कराएं। साथ ही चिन्हित व्यक्तियों को जांच एवं परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने इस अभियान को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानपूर्वक पहचान दिलाने एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके।

## न्याय आपके द्वार की भावना के साथ पक्षकारों को मिली त्वरित राहत

# नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण



### चलने फिरने में असमर्थ प्रार्थी तक पहुंची लोक अदालत

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय सारंगढ़ बिलाईगढ़, सिविल जिला रायगढ़ में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष डहरिया की खण्डपीठ क्रमांक 20 में लंबित प्रकरण छत्तीसगढ़ राज्य विरुद्ध मनोज सारथी में एक मानवीय पहल देखने को मिली। प्रार्थी देवप्रसाद के पुत्र द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर बताया गया कि उनके पिता चलने फिरने में असमर्थ हैं तथा घर में मोबाइल फोन की सुविधा नहीं होने के कारण वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी उपस्थित नहीं हो सकते। स्थिति को देखते हुए पैरालीगल वॉलेंटियर नारद प्रसाद श्रीवास को प्रार्थी के निवास तक भेजा गया। वहां प्रार्थी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजीनामे के संबंध में सहमति ली गई और न्याय आपके द्वार की भावना के अनुरूप प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

### कुटुम्ब न्यायालय में भी सुलह से जुड़े परिवार

कुटुम्ब न्यायालय रायगढ़ में पदस्थ न्यायाधीश विनोद देवांगन द्वारा भी पारिवारिक मामलों में समझाइश एवं आपसी संवाद के माध्यम से तीन परिवारों को पुनः जोड़ने में सफलता प्राप्त की गई। लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को विशेष प्राथमिकता दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा द्वारा आज जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली से वर्चुअल माध्यम से नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण करने के लिए प्रेरित करते हुए नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला रायगढ़ एवं जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में लंबित तथा प्री लिटीगेशन प्रकरणों सहित 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभिन्न न्यायालयों में आपसी सहमति, समझौते एवं संवाद के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।

## सीड बॉल निर्माण कार्यशाला में जुटे प्रकृति शिक्षण और विज्ञान यात्रा के संचारक



जशपुरनगर। कुरूद (धमतरी) के प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भवन, चरमुडिया मोड़ में 10 मई को 'प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़' के अंतर्गत एक दिवसीय 'राज्य स्तरीय सीड बॉल निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों, वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने मिलकर आगामी मानसून के लिए ₹पांच लाख₹ सीड बॉल्स तैयार करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू (बर्डमैन) ने ₹दो कदम प्रकृति की ओर₹ का नारा देते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी और घोंसले बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा मिट्टी का घोंसला बनाकर आसपास के गांवों के साथ अन्य राज्यों में भी वितरित किया जाता है और यह मुहिम वे पिछले दस सालों से कर रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला (प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा, छग ) ने की , जो कि इस टीम के नेतृत्वकर्ता कहें या लीडर हैं, जिन्होंने प्रकृति को हरा-भरा करने के उद्देश्य से उसकी आवश्यकता, उद्देश्य, लक्ष्य और कर्तव्यों के साथ सीड बॉल तकनीक की बारीकियों को समझाया। विशिष्ट अतिथियों में शामिल समीक्षा गायकवाड़ ने सीड बॉल के इतिहास (प्राचीन मिस्र से लेकर आधुनिक जापान तक) पर जानकारी साझा की। वहीं, संस्था के संयोजक डॉ. स्वाति गंधर्व ने कविता के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का आह्वान किया। डॉ. आशीष नायक जी और बी.पी. रावटे जी ने भी इस मुहिम में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

सीड बॉल निर्माण मिट्टी, खाद, रूई और बीजों के सही मिश्रण से सीड बॉल बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ष 5 लाख सीड बॉल निर्माण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। विज्ञान का जादू -अर्चना शर्मा, संदीप सेन , भुवनेश्वर मरकाम और प्रमोद कुमार साहू ने वायुदाब, विद्युत अपघटन और उत्तल लेंस जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से 'वैज्ञानिक सोच' विकसित करने का संदेश दिया। इनके प्रयोग अत्यंत ही सामान्य पर बहुत ही मजेदार और शिक्षाप्रद थे। जो समाज में फैली कुरीतियों खासकर जादू-टोना, तंत्र-मंत्र के खिलाफ करारा तमाचा था। इस आयोजन में संस्था के कर्ताधर्ता जो कि संस्था के रीढ़ की हड्डी कहे जाते हैं लखन लाल साहू जी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया, जो सामूहिक सौहार्द का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन लखन लाल साहू द्वारा किया गया। समापन सत्र में अतिथियों को प्रशस्ति पत्र, सीड बॉल और बर्ड मैन साहू जी द्वारा मिट्टी का घोंसला भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे अपने घरों, विद्यालयों , खाली स्थानों, नदी तालाब के किनारे और आसपास के क्षेत्रों में सीड बॉल का वितरण कर धरती को हरा-भरा बनाएंगे।

मिट्टी सनी हथेलियों का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजन बैंक तैयार करने जैसा है। थोड़ी सी मेहनत,से अनंत हरियाली की ओर हमारा पहला कदम है। बृजलाल मंडावी, लखन लाल साहू, भुनेश्वर मरकाम, बृजेश्वरी रावटे, संध्या कुशल, चंद्रिका पटेल, नम्मू सरोज, टेकराम जनार्दन, फणीश्वर साहू, आत्माराम साहू, प्रमोद साहू, परविंदर कौर गिल, डॉ. स्वाति गंधर्व, डॉ. आशीष नायक, क्षमा उइके, संतोषी डनसेना, नीलिमा गौतम, अंजली मोर्य, एच. एन. कुर्रे, के साथ ही राज्य के सभी जिलों से आये प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा के टीम मेंबर्स, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के शिक्षक और छात्रों उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# चार साल से पुल का निर्माण, पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



बरसात में होती परेशानी, धीमी गति से काम

बरमकेला विकासखंड अंतर्गत विक्रमपाली क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया और सड़क का कार्य पिछले 3-4 वर्षों से जारी है लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से पुलिया निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रही है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की उम्मीदों को निराशा में बदल दिया है।

निर्माण स्थल की स्थिति देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्य अब भी अधूरा पड़ा हुआ है। कहीं गिट्टी फैली हुई है तो कहीं मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। सड़क के कई हिस्सों में समतलीकरण तक पूरा नहीं हुआ है। पुलिया के आसपास निर्माण सामग्री बिखरी हुई है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी तब लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही क्षेत्र को बेहतर सड़क और मजबूत पुलिया की सुविधा मिलेगी, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सकेगी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है और निर्माण की गति इतनी धीमी है कि लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के समय छोटी पुलिया होने के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज हो गया था। बारिश के दिनों में हालात इतने खराब हो गए थे कि लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया था। तेज बहाव के कारण एक कार पानी में बह गई थी, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के दौरान स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरोंए मरीजों और रोजमर्रा के काम से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ा।

### इस वर्ष भी मंडरा रहा वही खतरा

अब एक बार फिर बारिश का मौसम नजदीक है, लेकिन निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति देखकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस गति से कार्य चल रहा हैए उसे देखकर नहीं लगता कि बरसात से पहले पुलिया और सड़क निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा। यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी लोगों को वही पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों को डर है कि बारिश शुरू होते ही अधूरी सड़क और अधूरी पुलिया लोगों की मुश्किलें और बढ़ा देगी।

### ऑटो पलटने से आधा दर्जन यात्री हुए घायल

अकलतरा। फोर लेन चौक तरौद के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आटो सवार सात यात्री घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 9 मई की सुबह ग्राम खटोला से कुछ लोग ऑटो में सवार होकर ग्राम बनाहिल की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ऑटो जब नेशनल हाईवे फोरलेन चौक तरौद के पास पहुंची थी तब किसी कारणवश आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ऑटो के पलटने से घायल लोगों की चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान नगर के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजकुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल अपनी गाड़ी से घायल पूर्णिमा उम्र 20 वर्ष निवासी लखराम रतनपुर, दुर्गेश्वरी केंवट उम्र 19 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी, दुर्गा केवट उम्र 15 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी , दामिनी केंवट उम्र 10 वर्ष ग्राम पौना, उर्मी केंवट 7 वर्ष ग्राम पौना, चमेलीबाई केंवट 40 वर्ष लखराम रतनपुर एवं कौशल्या केंवट उम्र 65 वर्ष निवासी ओखरगांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# चोरी की मोटरसायकल के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चोरी की मोटरसायकल के साथ पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई बाइक बेचने की फिराक में घुमते हुए आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देहान पारा नंदेली निवासी भैया राम यादव की बाइक 8 मई की रात चोरी हुई थी। रात्रि में घर के छत उपर से घर अंदर घुस कर दरवाजा खोलकर मोटर सायकल को चोरी की गई थी। मामले की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर सायकल को पंकज कश्यप एवं उनके अन्य साथी चोरी किए हैं, और मोटर सायकल को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे है। पुलिस द्वारा पामगढ शराब भट्ठी के पास घेरा बंदी कर आरोपियों को पकड़ा जिसके कब्जे से मोटर सायकल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने भैयाराम यादव के घर से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने अंशु पटेल उर्फ चिट्टी निवासी व्यासनगर. , कुलदीप भानू निवासी नंदेली, पंकज कश्यप निवासी व्यासनगर को धारा 331 (2),305 (क), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी पामगढ़, SI कृष्ण कुमार साहू, ASI संतोष बंजारे, प्रधान आरक्षक राजेश कुमार कोसले का सराहनीय योगदान रहा।

## कल बोडोकछार, चोंगरीबहार बगीचा एवं कोतबा में लगेगा शिविर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में "सुशासन तिहार 2026" के तहत जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में 13 मई 2026 को कुनकुरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बोडोकछार, कांसाबेल जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चोंगरीबहार नगर पंचायत बगीचा एवं नगर पंचायत कोतबा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बोडोकछार शिविर में बोड़ोकछार, खण्डसा, रायकेरा, धुमाडांड, कण्डोरा, बेमताटोली, लोधमा, भण्डरी, जोकारी, कमतरा, दाराखरिका, नारायणपुर, रानीकोम्बो, खूटगांव, खरवाटोली, कुडूकेला और सेन्द्रीमुण्डा के ग्रामीण अपनी समस्याओं व मांगों के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार चोंगरीबहार के शिविर में बगिया, बांसबहार, चोंगरीबहार, कोरंगा, कटंगखार, देवरी, दोकडा, पतरापाली, नक्टीमुण्डा, शब्दमुण्डा, कोटानपानी, तिलंगा और सेमरकछार के ग्रामीण अपनी समस्याओं व मांगों के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे तथा नगर पंचायत बगीचा एवं कोतबा के शिविर में नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शिविर का लाभ ले सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निवास क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर रोहित व्यास ने शिविरों के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की समय-सारणी जारी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराने हेतु समय.सारणी जारी कर दी गई है। आयोग ने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन कराने का निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का तैयार एवं पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर 5 मई 2026 को अंतिम प्रकाशन किया गया है, वहां यह उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।

## 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

# करही गोलीकांड, पीड़ित परिवार ने आईजी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में 23 अप्रैल की दरमियानी रात्रि में हुए बहुचर्चित गोलीकांड को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी है। ऐसे में पीड़ित परिवार में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के सीमावर्ती गांव करही में 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के घर में घुसकर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने आयुष के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली आयुष के सीने और सिर में लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। इसी बीच बचाव करने आए उसके छोटे भाई आशुतोष कश्यप को भी बदमाशों ने फायरिंग कर घायल कर दिया । इसके बाद नकाबपोश वहां से भाग निकले। वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू करने का दावा किया था। दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। कॉल डिटेल की जांच हुई। सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन 15 दिन बाद भी नतीजा शून्य है। इधर पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लिए अब नेताओं और अफसरों से फरियाद करते फिर रहा है। उन्होंने बिलासपुर रेंज आई जी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है। परिवार ने बिलासपुर जाकर पुलिस महानिरीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वही जांजगीर में कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर से भी मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। मामले में जांजगीर-चाम्पा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।

### रेत खनन की वजह से गई बेटे की जान

मृतक आयुष के पिता एवं क्षेत्र के कांग्रेस नेता व व्यवसायी सम्मेलाल कश्यप लगातार आरोप लगा रहे हैं कि हत्या के पीछे अवैध रेत कारोबार का विवाद है। उनका कहना है कि कुछ रसूखदार लोगों के नाम पुलिस को दिए गए, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही वजह है कि अब गांव में चर्चा तेज हो गई है कि आखिर पुलिस की जांच किस दिशा में चल रही है? लोग सवाल पूछ रहे हैं कि जब पुलिस के पास तकनीक, संसाधन और पूरी टीम मौजूद है, तो फिर आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर कैसे हैं ।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया वाटर फ्रीजर का अनावरण

कोसीर। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के सारंगढ़ आगमन पर सबसे पहले टीएस बाबा ने गुरुघासीदास ज्ञान स्थल सारंगढ़ जैतखाम पर माथा टेका और पूजा अर्चना कर अपनी भेट मुलाकात कार्यक्रम का शुरूवात किए तथा भव्य रूप से और पंथी के तालों के साथ रमेश खूंटे के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं के साथ गुरुघासीदास ज्ञान स्थल पुष्प वाटिका में स्वागत किया और तथा रमेश खूंटे के प्रद्त्त से आमजनहित के लिए पेयजल के लिए वाटर फ्रीजर समर्पित किया गया। जिसका उद्घाटन टीएस सिंह देव ने किया उन्होंने इस परोपकारी कार्य के लिए रमेश खूंटे का धन्यवाद किया तथा इसके बाद टीएस ने उनकी माता स्व समुन्द बाई खूंटे सरपंच अभी हाल में देहांत हो गया था । उनको श्रद्धांजलि देने रमेश खूंटे के गृह निवास पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया वहाँ भी उन्होंने पारंपरिक रूप से कर्मा के ताल के साथ टीएस बाबा का स्वागत अभिनंदन किया। रमेश खूंटे आज एक दानवीर के रूप में उभरकर सामने आ रहे है क्योंकि उन्होंने कुछ ही महीने पहले कांग्रेस पार्टी को जिला कांग्रेस भवन निर्माण के लिए 10 डिसमिल अपनी निजी भूमि दान दिया था। इस बीच उन्होंने अपनी स्व माता श्रीमती समुंद बाई खूंटे को याद भावुक हुए और इन सभी कार्यों के लिए अपनी माता जी को आइडल बताया और कहा कि आज जो कुछ हूँ मेरी माँ की संस्कार की देन है।

## निक्षय मित्र भारत रत्नम खूंटे द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित



जशपुरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में फिर एक बार प्रेरणादायक सामाजिक पहल देखने को मिली, जहां निक्षय मित्र भारत रत्नम खूंटे द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण और उपचार में सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान भारत मेडिकल स्टोर, गम्हरिया के संचालक भारत रत्नम खूंटे ने मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए संकल्प लिया कि वे हर वर्ष जिले के एक हजार टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराएंगे। उनकी इस पहल को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर खंड चिकित्सकीय अधिकारी डॉ. अंजलि निराला , डॉ. दीपिका भगत, डॉ. राहुल देव बर्मन, डॉ. देवकी सिंह, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर ममता तिर्कि, अस्पताल स्टॉफ तथा कार्यक्रम एनटीईपी स्टॉफ विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने इस तरह की पहल को टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ.अंजलि निराला ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक होता है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उपचार की गति तेज होती है। निक्षय मित्र योजना के माध्यम से समाज के सक्षम लोग मरीजों को गोद लेकर उनकी सहायता कर सकते हैं, जो एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
10 सितम्बर, 15 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर 2026
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त